भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
एनबीए प्रभाग

9वॉ तल, पर्यावरण भवन,
सीजीओ काम्प्लैक्स, लोधी रोड,
नई दिल्ली, 110003
अ.शा.पत्र सं०:डब्ल्यू-11018/11/2011-डब्ल्यूक्यू(आईईसी)
दिनांक: 5 जून, 2014

सेवा में,

प्रधान सचिव/सचिव- पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता को संचालित करने वाले राज्य(असम, बिहार, पश्चिमी बंगाल, तमिल नाडु और उत्तर प्रदेश)

विषय: 23/6/2014 से 27/06/2014 तक 60 उच्च वरीयता जेई-एईएस जिलों में जागरूकता अभियान शरू करना।

महोदय/महोदया,

आल वीडियो कांफ्रेंसिंग के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि 23/06/2014 को एक गहन पांच दिवसीय आईईसी अभियान शुरू किया जाना है और यह 27/062014 तक चलेगा। अभियान का संचालन करने के लिए निम्नलिखित का अनुपालन आवश्यक है:-

I. विभागों अर्थात् स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज, ग्रामीण विकास तथा शिक्षा विभाग के माध्यम से कंवर्जेंस।
II. अभियान के लिए फंडिंग हेतु एनबीए, सर्व शिक्षा अभियान, एनआरएचएम आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रमों से राशि का समन्वय करें।
III. अभियान को गहन एवं प्रभावशाली बनाने के लिए विशेषत: स्थानीय भाषाओं में मीडिया गतिविधियों में मीडिया के सभी तरीकों जैसे स्ट्रीट नाटकों, नुक्कड़-नाटकों, (दृश्य-श्रव्य) आडियो-विजुअल्स, प्रिंट, आउटडोर, डिजीटल को शामिल किया जाए।

जैसा कि निर्णय किया गया है कि अभियान की शुरूआत राज्यों में सबसे प्रभावित जिले जैसे असम-शिवसागर जिला, बिहार-मुजफ्फरपुर जिला, उत्तर प्रदेश-गोरखपुर जिला, पश्चिमी बंगाल-बांकुरा जिला और तमिल नाडु-मदुरै जिला से की जाए।

इस जागरूकता सप्ताह के आयोजन पर एक रिपोर्ट 10 जुलाई-2014 तक इस मंत्रालय को प्रस्तुत की जानी चाहिए। इस जागरूकता सप्ताह से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से फोन नं० 24364112 और ई-मेल sandhya.singh@nic.in पर संपर्क किया जा सकता है।

(संध्या सिंह)
संयुक्त सचिव/स्टेट०)